# सहयोगियों ने एनआइए को दिया क्लू, तब दिनेश गोप पकड़ाया

**दिनेश गोप को खोज निकालने में एनआइए की भूमिका रही सराहनीय**

**रांची के सदर थाना क्षेत्र में 2010 में पकड़ाया था रॉकेट लॉन्चर**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेपाल से पकड़े गए दिनेश गोप उर्फ कुलदीप गोप उर्फ बड़कू को गिरफ्तार करवाने में उसके ही संगठन में शामिल अवधेश यादव उर्फ चूहा का भाई गणेश और तिलकेश्वर गोप पुलिस का हथियार बना। गणेश को गिरफ्तार करने के बाद एनआइए की टीम उसे बिहार ले गई थी। गिरफ्तार तिलकेश्वर गोप और चूहा से पुलिस को कई क्लू मिले थे। इसके बाद एनआइए और आइबी के कुछ चुनिंदा अधिकारियों को नेपाल भेजा गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि दिनेश गोप नेपाल में पनाह लिये हुए है क्योंकि पुलिस के लिए हथियार लेकर नेपाल में घुसना आसान नहीं था, इसलिए एनआइए और आइबी के अधिकारियों को वहां भेजा गया था। दिनेश को खोज निकालने में एनआइए की भी सराहनीय भूमिका रही।



**17 जनवरी 2022 को हुई थी पीएलएफआई की हाई लेवल मीटिंग**

लगातार एक से बढ़कर एक झटका मिलने और कुंद होती धार से तिलमिलाये उग्रवादी संगठन पीएलएफआई की 17 जनवरी 2022 को एक हाई लेवल मीटिंग हुई थी। संगठन का पुनः विस्तार किया गया।

### दिनेश ने संभाली थी गिरोह की कमान

एक जमाना था जब दिनेश गोप का बड़ा भाई आतंक का पर्याय था। साल 2021 में सुरेश गोप खूंटी में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। रांची के तत्कालीन डीएसपी मधुसुदन बारी के नेतृत्व में पुलिस ने उसे मार गिराया था। वह फौज की नौकरी छोड़ कर अपने घर आ गया। उसका घर खूंटी के कर्रा थाना क्षेत्र के लापा गांव में है। भाई के मारे जाने के बाद दिनेश गोप ने गिरोह की कमान संभाल ली। साल 2002 में दिनेश गोप ने जेएलटी का गठन किया। उसने बागी माओवादियों और उग्रवादियों को संगठन से जोड़ा। सम्राट गिरोह के सरगना जयनाथ साहू की मदद से हथियार जुटाना शुरू किया। जयनाथ गिरोह को राधे नाम का सिपाही हथियार उपलब्ध करवाता था। वह बिहार के औरंगाबाद का रहने वाला है। एक महिला के मर्डर केस में सिपाही राधे जेल गया था। तब वह रांची सेंट्रल जेल में तैनात था। उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। अर्थ तंत्र भी दिनेश गोप ने जयनाथ साहू से सीखा। फिर बाद में संगठन के पास धन आने लगा। जिसके बाद जयनाथ और दिनेश जानी दुश्मन हो गये।

### पुलिस की गोली खा चुका था दिनेश गोप

पुलिस मुठभेड़ में एक बार पुलिस की गोली खा चुका था। पर हर दफा वह बच निकलता था। उसने कई स्कूल और मंदिर बनवाये। गरीब-गुरबों की बेटियों की शादी में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेता था। वह ज्यादातर सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल करता था, टेक्निकल जानकारी में माहिर दिनेश गोप जिस सिम का इस्तेमाल एक बार कर लेता, उसे फिर दोबारा यूज नहीं करता। दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद से उसके पनाहगारों, मददगारों और उसका इलाज कर रहे डॉक्टरों की नींद हराम हो गई है। नक्सलियों से दोस्ती और हाथ मिलाने वाले खूंटी के दारोगा मनोज कच्छप को डीआईजी अनुप बिरथरे ने बर्खास्त कर दिया है। दिनेश गोप की हिफाजत में लगे दस्ते में शामिल उग्रवादी अत्याधुनिक हथियार और गोला-बारूद दागने में माहिर थे। साल 2010 में रांची पुलिस सदर थाना क्षेत्र से एक रॉकेट लॉन्चर जब्त कर चुकी है। कुछ दिन पहले पुलिस ने खूंटी इलाके से उसके एक खास गिरफ्तार गुर्गे के पास से एक जर्मन राइफल और एके-47 बरामद की थी।

### सुप्रीमो दिनेश गोप बेल्जियम समेत कई देशों से मंगवाता था उम्दा हथियार

**रांची।** दिनेश गोप ने एके- 47 जैसे हथियारों से कई बड़ी वारदातों को अंजाम दिया है। इसके कई साथी अब तक फरार हैं। झारखंड पुलिस ने इसके पोस्टर भी छपवाए थे, जब इस पर इनाम रखा गया था। जांच में खुलासा हुआ है कि दिनेश गोप के लिए पाकिस्तान, चीन, बेल्जियम और स्कॉटलैंड से उम्दा किस्म के हथियार मंगवाता था जिसके जरिये उसका गिरोह और मजबूत होकर ताबड़तोड़ वारदातें को अंजाम दे रहा था। देश का कुख्यात नक्सली लीडर और पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) का हेड दिनेश गोप अब सुरक्षा एजेंसियों की हिरासत में है। दिनेश गोप के आतंक का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसपर झारखंड सरकार ने 25 लाख और नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने 5 लाख का इनाम रखा था। पिछले 15 साल से भारत की एजेंसियों, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को नक्सली लीडर की तलाश थी। दिनेश गोप झारखंड में कई सालों से नक्सली गतिविधियों में एक्टिव था।

सुरक्षा एजेंसियों के हवाले से जानकारी मिली है कि दिनेश गोप नेपाल में हुलिया बदल कर छिपा हुआ था। वह सिख बना हुआ था और पगड़ी भी पहन रखी थी। स्पेशल सेल की काउंटर एजेंसियों को काफी टाइम पहले यह इनपुट्स मिले थे कि दिनेश नेपाल के काठमांडू में छिपा हुआ है, जिसके बाद इस ऑपरेशन को एनआईए के साथ मिलकर अंजाम दिया गया।

नाना पाटेकर की तरह ही गिरोह के मेंबर्स से करता था डायलॉग

## बॉलीवुड अभिनेता नाना पाटेकर की कॉपी करता था दिनेश गोप!

कुबेर सिंह

**रांची।** 30 लाख का इनामी नक्सली दिनेश गोप एक ओर जहां आतंक का पर्याय था वहीं, दिनेश गोप को फिल्म और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रूचि थी। जानकारी के मुताबिक, दिनेश गोप फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर के अभिनय का कायल था। वह फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर का न केवल फिल्म का दीवाना था, बल्कि नाना पाटेकर की वेशभूषा से लेकर डायलॉग तक कॉपी करता था। दिनेश गोप वर्ष 1989 में प्रदर्शित फिल्म परिन्दा में नाना पाटेकर की एक्टिंग को देख कर प्रभावित हुआ था। विधु विनोद चोपड़ा निर्मित इस फिल्म में नाना पाटेकर ने मानसिक रूप से विक्षिप्त लेकिन अपराध की दुनिया के बेताज बादशाह की भूमिका निभाई जो गुस्से में अपनी पत्नी को जिंदा आग में जलाने से भी नहीं हिचकता। अपनी इस भूमिका को नाना पाटेकर ने सधे हुए अंदाज में निभाकर दर्शकों की वाहवाही लूटने में सफल रहे। दिनेश गोप उसी फिल्म को देखकर अपराध और लेवी मांगने के मामले को अंजाम देता था।

दिनेश जेजेएमपी के नक्सलियों को पीएलएफआई में शामिल होने के लिए अभियान चलाया था। दिनेश का काम उसका फुफेरे भाई राजकमल गोप ही देखता था। राजकमल गोप को उसकी गर्लफ्रेंड ने ही पकड़वाया था। उसके सरेंडर करने के बाद वह पूरी तरह से टूट गया था और उसने रिश्ते में लगने वाले भाई तिलकेश्वर गोप को अपना राइट हैंड बनाया। उसकी गिरफ्तारी के बाद और जिदन गुड़िया के खूंटी में एनकांउटर में मारे जाने के बाद दिनेश गोप का कुनबा टूट गया। दिनेश गोप की एक खासियत और है कि वह सहिया जुड़ाव करने में विशेष ध्यान देता था। इसकी वजह से उसका संबंध केवल यादव बिरादरी में ही नहीं, बल्कि दूसरे समुदाय में भी बन गया था।

**पीएलएफआई के नाम पर फर्जी लेटर देनेवाले का करता था सेंदरा :** पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप के नाम लेवी मांगनेवाले के खिलाफ न सिर्फ उसका लेटर पैड से खंडन करता था। बल्कि उस अपराधी को चिन्हित कर उसे सजा भी देने का काम करता था।

# होटल के तीसरे तल्ले से गिरी युवती, राज अस्पताल में भर्ती

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में होटल के तीसरे तल्ले से एक युवती गिर गई। गंभीर रूप से घायल युवती को इलाज के लिए राज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। युवती की पहचान पूजा नामक युवती के रूप मे हुई। वह पिछले चार दिनों से होटल में थी। मामले की जांच के लिए पुलिस सीसीटीवी खंगाली, सीसीटीवी फुटेज में युवती खुद छत के तरफ जाते हुए देखी गई। पूजा बंगाल की रहनेवाली है।

**क्या है पूरा मामला :** जानकारी के अनुसार रात के करीब दो बजे पूजा अचानक होटल की छत से कूद गई। पूजा कूदी तो होटल की छत से थी, लेकिन वह पास के एक दूसरे घर



में जा गिरी। कुछ देर में ही होटल के कुछ लोग दौड़े-दौड़े उस घर की तरफ भागे और गेट खुलवाया। फिर युवती को आनन फानन में इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया।

**मामला संदिग्ध, बयान लेगी पुलिस :** 20 वर्षीय पूजा शुभम होटल में कैसे पहुंची यह जांच का विषय है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। जानकारी मिलने के बाद हटिया डीएसपी राजा मित्रा खुद घटना स्थल पर पहुंचे। डीएसपी ने बताया कि पूजा चार सहेलियों के साथ रांची घूमने आई है। पुलिस के द्वारा होटल का सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया है। जिस समय पूजा छत से कूदी उस दौरान होटल में पांच से ज्यादा लड़कियां मौजूद थी। पूजा का छत से कूदते हुए सीसीटीवी फुटेज भी मिला है। पुलिस अब उन लड़कियों से पूछताछ की तैयारी कर रही है। आशंका यह भी जताई जा रही है कि होटल में कोई गलत काम चल रहा था। पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है।

### मरीज ने कूद कर दी जान

**रांची।** रिम्स के तीसरे तल्ले के न्यूरोसर्जरी विभाग से मंगलवार को लक्ष्मण राम नाम के एक व्यक्ति ने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बता दें कि लक्ष्मण का इलाज न्यूरो सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. सीबी सहाय की यूनिट में चल रहा था।

# लोकल फॉल्ट और ओवरलोड के कारण हो रही बिजली कटौती, उपभोक्ताओं की समस्या बढ़ी

**ट्रांसफॉर्मर में अधिक लोड के कारण फ्यूज होने की बढ़ी समस्या**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बढ़ती गर्मी के साथ ही लोगों को बिजली व्यवस्था रूला रही है। एक तो तेज गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। वहीं, बार-बार बिजली कटौती से लोगों को पानी से लेकर एसी, कूलर, पंखा, फ्रीज जैसे जरूरी उपकरण चलाने में परेशानी हो रही है। हालांकि बिजली वितरण निगम का दावा है कि बिजली की कहीं कोई समस्या नहीं है। लोकल फॉल्ट के कारण अलग-अलग इलाकों में बिजली काटी



जा रही है। बिजली काटने की प्रमुख वजह ग्रिड और ट्रांसफॉर्मर में अधिक लोड पड़ना है। जिससे बार-बार बिजली वितरण सिस्टम में फॉल्ट की समस्या आ रही है। वहीं कुछ इलाकों में लोड अधिक बढ़ने से समय-समय पर शटडाउन कर पावर सिस्टम को सामान्य किया जाता है।

बता दें गर्मी के साथ ही राज्य के साथ साथ राजधानी में भी बिजली की मांग बढ़ गयी है। जहां राज्य में बिजली की मांग 2600 मेगावाट तक बढ़ गयी है। वहीं, राजधानी में बिजली की औसत मांग 300 मेगावाट तक पहुंच गयी है। जबकि वितरण निगम का दावा है कि यहां 315 मेगावाट तक बिजली की आपूर्ति की जा रही है।

**1-1 घंटे के अंतराल में काटी जा रही बिजली :** राजधानी में बिजली कटौती का आलम ये है कि कुछ इलाकों में एक एक घंटे के अंतराल में बिजली दी जा रही है। कुछ इलाकों में सुबह या शाम के वक्त कटौती की जा रही है। ग्रामीण इलाकों में में आठ से नौ घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। जिससे लोगों को काफी मुश्किल हो रही है। रांची आपूर्ति क्षेत्र के अन्य जिलों जिसमें सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, खूंटी में भी बिजली कटौती आठ से नौ घंटे की जा रही है।

### ट्रांसफार्मर फ्यूज होने की समस्या अधिक

वर्तमान में सबसे अधिक समस्या ट्रांसफार्मर फ्यूज होने और लोकल लोड के कारण शटडाउन करने से हो रही है। एक ट्रॉसफॉर्मर से लगभग 250 घरों को बिजली दी जाती है, जबकि इसकी क्षमता पावर के साथ अधिकतम 150 घरों को बिजली देने की है। जिससे ट्रांसफार्मर जलने और उड़ने की समस्या हो रही है। मरम्मत के लिए भी इलाकों में शटडाउन किया जाता है। बिजली वितरण निगम का आदेश है कि शहरी इलाकों में छह से सात घंटे में और ग्रामीण इलाकों में 24 घंटे में बिजली मरम्मत कार्य पूरा किया जाये, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। अधिकांश इलाकों में अब भी पुराने कटे फटे तार से ही बिजली आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में हल्की बारिश होने पर भी बिजली काटी जाती है।

# राजधानी के बैंकों में नहीं उमड़ी ग्राहकों की भीड़ 8 से 10 उपभोक्ता ही 2000 के नोट बदलने पहुंचे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बैंकों में 2000 रुपये के नोट बदलने अथवा डिपॉजिट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कई बैंक मंगलवार से इसकी शुरूआत करेंगे। सोमवार को राजधानी के बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, केनरा बैंक समेत कई बैंकों में उपभोक्ताओं ने 2000 रुपये के नोट जमा किये। उम्मीद थी कि 8 नवंबर 2016 को हुई नोटबंदी के बाद जिस तरह नोटों को बदलने के लिए बैंकों में कतार लगी थी, वैसा ही




नजारा इस बार भी दिखेगा। लेकिन पहले दिन ऐसी स्थिति नहीं दिखी। सप्ताह का पहला वर्किंग डे होने के बावजूद बैंकों में उपभोक्ताओं की संख्या आम दिनों से कम दिखी। दोपहर तक बैंकों में 2000 के नोट जमा करने वाले 8-10 लोग ही पहुंचे।

### बैंकों में नहीं दिखी कोई आपाधापी

प्लाजा चौक के पास स्थित केनरा बैंक की शाखा में दोपहर 1.30 बजे तक 8 लोगों ने 2000 रुपये के नोट अपने खाते में जमा करवाए। बैंक मैनेजर विकास कुमार ने बताया कि बैंक में उपभोक्ताओं की संख्या आम दिनों की तरह ही है। बैंक ऑफ इंडिया के कोकर बाजार ब्रांच में दोपहर 2 बजे तक 10 उपभोक्ताओं ने अपने पास रखे 2000 रुपये के नोटों को डिपॉजिट किया। बैंककर्मी अमित चंद्रा ने बताया कि नोट जमा करने को लेकर कोई आपाधापी नहीं दिखी। स्थिति सामान्य है। लालपुर स्थित इंडियन बैंक के ब्रांच में भी दोपहर तक 8 उपभोक्ताओं ने 2000 के नोट जमा किए। एसबीआई के लालपुर ब्रांच में सोमवार को 2000 के नोट डिपॉजिट नहीं हुए। बैंककर्मी ने बताया कि मंगलवार से नोट बदले जाएंगे।

# रांची में तीन किलो 400 ग्राम गांजा के साथ तस्कर धराया

**जब्त गांजा का बाजार मूल्य 75 हजार रुपये**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/ सोनाहातू।** सोनाहातू थाना पुलिस ने एक गांजा तस्कर गोकुल दास को गिरफ्तार किया है। वह सोनाहातू के होटलो गांव का रहनेवाला है। इसके पास से तीन किलो 400 ग्राम गांजा, एक बाइक और एक मोबाईल फोन बरामद किया गया है। जब्त गांजा का बाजार मूल्य 75 हजार रुपये बताया



गया है।

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि राहे ओपी के चंदनडीह के पास गांजा तस्कर आये है। सूचना के बाद एसडीपीओ अजय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम अविलंब चंदनडीह स्कूल के पास पहुंचा और देखा कि कुछ लोग जंगल में खड़ा होकर आपस में बातचीत कर रहे है। जब जंगल में पुलिस टीम बढ़ने लगी तो गांजा तस्कर पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने भाग रहे एक गांजा तस्कर को पकड़ लिया जबकि अन्य जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। एसपी ने बताया कि तस्कर को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया ,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर 24 मई को आ रही हैं झारखंड**

# देवघर से लेकर रांची तक राष्ट्रपति के एक-एक मूवमेंट को लेकर तैयारी पूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर 24 मई को झारखंड आयेंगी। वह 24 से 26 मई तक झारखंड में रहेंगी। इस दौरान देवघर से लेकर राजधानी रांची तक राष्ट्रपति के एक-एक मूवमेंट पर सारी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। राष्ट्रपति 24 मई सुबह 8:55 बजे दिल्ली से देवघर पहुंचेंगी। देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-पाठ करने के बाद राष्ट्रपति रांची के लिए रवाना हो जायेंगी।

राष्ट्रपति के देवघर आगमन को लेकर सोमवार को एडीजी संजय आनंद लाटकर, खाद्य आपूर्ति विभाग सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव अमिताभ कौशल, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव मनीष रंजन व देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजयंत्री ने देवघर परिसदन में समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद सभी पदाधिकारियों ने एसपी के साथ मंदिर का निरीक्षण किया। राष्ट्रपति के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना को लेकर विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं का प्रवेश बाबा मंदिर प्रांगण में निषेध किया है। राष्ट्रपति के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में दर्शन पूजन कार्यक्रम के उपरांत आम दिनों की भांति श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर खोल दिए जाएंगे।



राष्ट्रपति के दौरे को लेकर देवघर में अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीजी संजय आनंद लाटकर

### रांची एयरपोर्ट से सीधे राजभवन पहुंचेंगी राष्ट्रपति

24 मई को ही राष्ट्रपति करीब 11 बजे देवघर से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगी और यहां से राष्ट्रपति बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति फिरायालाल चौक स्थित परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण करने के बाद राजभवन चली जायेंगी। फिर शाम में राष्ट्रपति झारखंड उच्च न्यायालय के नए भवन का शुभारंभ करेंगी। 25 मई यानी गुरुवार को नामकुम स्थित आईआईआईटी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति भाग लेंगी।

**ओ पॉजिटिव ब्लड ग्रुप वाला रक्त रहेगा सुरक्षित :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का ब्लड ग्रुप ओ पॉजिटिव है। इसलिए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए रिम्स और सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में ओ पॉजिटिव ग्रुप के रक्त की दो-दो यूनिट को सुरक्षित रखने के आदेश दिए गए हैं।

**बड़े और निजी अस्पताल में खाली रहेंगे 10-10 बेड :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची प्रवास के दौरान राजधानी के सभी बड़े सरकारी और निजी अस्पताल और सदर अस्पताल में 10-10 बेड सुरक्षित रखने के आदेश दिए गये हैं। रिम्स और सदर अस्पताल के अलावा पारस हॉस्पिटल, शैफर्ड हॉस्पिटल, सेंटेविटा हॉस्पिटल, मेडिका हॉस्पिटल, मेदांता हॉस्पिटल के प्रबंधक को भी अपने अस्पताल में 10-10 बेड खाली रखने को लेकर आदेश जारी किया गया है। इसके अलावा झारखंड उच्च न्यायालय के नए भवन परिसर, आईआईआईटी नामकुम और राजभवन में मेडिकल की स्टैटिक टीम मौजूद रहेगी। राष्ट्रपति के भोजन से पहले उसकी जांच के लिए डॉक्टर्स के नाम फाइनल कर दिए गए हैं जो राजभवन, उच्च न्यायालय और कैपिटल हिल में बने भोजन की जांच करेगी।

### कार्डियक एंबुलेस के साथ विशेषज्ञ डॉक्टर्स की तीन टीम तैनात रहेगी

राष्ट्रपति के रांची प्रवास के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तीन कार्डियक एंबुलेंस के साथ डॉक्टर्स की पूरी टीम तैनात रहेगी। उनके तीन दिन की यात्रा के लिए अलग-अलग तीन टीमें बनायी गई हैं। 24 मई के लिए कार्डियक एंबुलेंस के साथ टीम ए में डॉ. डीके झा (मेडिसीन), डॉ. मृत्युंजय मुंडू (सर्जरी), डॉ. प्रशांत कुमार (कॉर्डियोलॉजिस्ट), डॉक्टर नितेश सिन्हा (एनेस्थेटिक) के साथ पूरी टीम रहेगी। 25 मई को कार्डियक एंबुलेंस के साथ टीम बी राष्ट्रपति के साथ मौजूद रहेगी। जिसमें मेडिसिन विभाग के डॉक्टर मनोहर लाल प्रसाद, सर्जरी से डॉक्टर फारुख हसन, कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर गुहा सरकार, एनेस्थेटिक डॉक्टर सौरभ सुमन के साथ मेडिकल की पूरी टीम राष्ट्रपति के साथ रहेगी। वहीं 26 मई को राष्ट्रपति के मूवमेंट के साथ चल रही कार्डियक एंबुलेंस के साथ टीम सी उनके साथ रहेगी। इस टीम में डॉक्टर ग्रेगरी मिंज, सर्जरी विभाग के डॉक्टर कृष्ण मुरारी, कार्डियक डॉक्टर मृणाल कुंज और एनेस्थेटिक डॉ कुमार अभिषेक के साथ नर्स और अन्य मेडिकल स्टाफ की पूरी टीम रहेगी।

## उपायुक्त और एसएसपी ने पदाधिकारियों को दी कार्य और दायित्व की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची भ्रमण कार्यक्रम को लेकर प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों तथा पुलिस बल की ब्रीफिंग की गयी। मोरहाबादी में आयोजित ब्रीफिंग कार्यक्रम में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं



वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्व की जानकारी दी गयी।

## स्पीड न्यूज

### इग्नू में नए सत्र के लिए एडमिशन फॉर्म जारी

**रांची।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2023 सत्र के लिए नए प्रवेश के लिए आवेदन जारी कर दिया है( जो उम्मीदवार ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट इग्नू.एसी.इन से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई, 2023 तय है। जानकारी के अनुसार इग्नू में कैंडिडेट्स के लिए ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री के साथ-साथ विभिन्न डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स भी उपलब्ध करवाए गए हैं. जिनमें एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र निर्धारित तिथियों में भर सकते हैं।

### अर्चना मेहता राज्यपाल सचिवालय में संयुक्त सचिव

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा की अधिकारी संयुक्त सचिव महिला बाल विकास विभाग अर्चना मेहता को स्थानांतरित करते हुए संयुक्त सचिव राज्यपाल सचिवालय के पद पर पदस्थापित किया गया है. इस संबंध में प्रशासनिक सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### लोहरदगा में डूबने से दो बच्चों की मौत

**रांची/लोहरदगा।** सोमवार को जिला में एक बड़ी दुर्घटना हो गई है। तालाब में नहाने के लिए गए हुए दो बच्चे डूब गए, जिससे दोनों बच्चों की मौत हो गई। इस घटना से इलाके में कोहराम मच गया है। परिजनों में चीख पुकार मच गयी और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना सदर थाना क्षेत्र की है। दोनों बच्चे सदर थाना के निंगनी कुंबा टोली नीचे टोली के रहने वाले थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर थाना पुलिस ने सोमवार को दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि रामचंद्र उरांव का पुत्र राहुल उरांव (8 वर्ष) और प्रदीप उरांव की पुत्री शिवानी कुमारी (7 वर्ष) अन्य कुछ बच्चों के साथ निंगनी तालाब में नहाने के लिए गए थे।

### रांची साइक्लोथॉन का आयोजन 3 जून को

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में रांची के साइकिल मेयर कनिष्क पोद्दार और स्थानीय साइकिलिंग समुदाय की ओर से 3 जून को रांची साइक्लोथॉन 2023 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 3 जून को अंतरराष्ट्रीय विश्व साइकिल दिवस मनाने के लिए किया जा रहा है। साथ ही बड़े पैमाने पर लोगों को स्वस्थ और फिट जीवन शैली के लिए अपने दैनिक जीवन में साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# दिनेश गोप के आतंक के कारण भाकपा माओवादियों ने छोड़ दिया था पोड़ाहाट!

## पुलिस की दबिश के बाद पोड़ाहाट को पीएलएफआइ ने बनाया था अपना ठिकाना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के पांच जिलों में आतंक का पर्याप्त रहे पीएलएफआई का सरगना दिनेश गोप उर्फ कुलदीप यादव उर्फ बड़कू को आखिर एनआईए ने गिरफ्तार कर लिया। एनआइए दिनेश गोप को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक कभी दिनेश गोप का रांची सिमडेगा, गुमला, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम व ओड़िशा के सुंदरगढ़ सीमा तक उसका तूती बोलती थी। एक के बाद एक घटना को अंजाम देने के बाद दिनेश गोप भाकपा माओवादी नक्सली से कहीं ज्यादा सुर्खियों में आया था। यही कारण है कि पुलिस का नींद हराम कर दिया था। जिस कारण सीआरपीएफ व पुलिस के लगातार छापामारी के बाद चाईबासा व खूंटी जिले के सीमा स्थित पोड़ाहाट को ही अपना स्थायी ठिकाना बनाया था। बाद में गुदड़ी में उसे काफी संख्या में जनसमर्थन मिलने लगा था।

गुदडी के भौगोलिक दृष्टि से इस इलाके में पुलिस द्वारा अभियान चलाने के दौरान लगातार वह पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो जाता था, पुलिस सटीक सूचना के बावजूद उसे इस इलाके में मार गिराने व पकड़ने में सफल नहीं हो पायी थी। पुलिस उसकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार अभियान चलाए जाने के बाद भी पुलिस के पकड़ से कोसों दूर था।

जानकार सूत्रों की माने तो पश्चिम सिंहभूम जिले के गुदड़ी, आनंदपुर और खुटी में दिनेश गोप के आतंक के कारण ही भाकपा माओवादी को इलाका तक छोड़ना पड़ा था। लेकिन पुलिस के लगातार छापामारी अभियान में सफलता लगी और पीएलएफआई के जोनल कमांडर शनिचर सुरीन व एरिया कमांडर मंगरा लुगुन को मुठभेड़ में मार गिराया। जिसके बाद धीरे-धीरे पीएलएफआई का वर्चस्व काफी कम होने लगा था। दिनेश गोप को अपने साथियों के मौत के बाद डर गया था, बाद में अपनी जान बचाने को लेकर यहां से बाहर भाग गया। हालांकि उसकी तूती के कारण उसका लेवी वसूली में कोई कमी नहीं था। उसका नाम से ही लोग लेवी देते थे।



**स्कूल बना रहा था दिनेश गोप :** पीएलएफआई सुप्रीम दिनेश गोप क्षेत्र में अपनी दबदबा बनाने के लिए और लोगो के दिलो में जगह बनाने को लेकर गुदड़ी के बांदु पंचायत में एक गुरुकुल नामक स्कूल भी निर्माण करा रहा था। इस बात की जानकारी बाद में पुलिस के अधिकारियों को भी पता चला था। लेकिन लगातार पुलिस की छापामारी के कारण दिनेश गोप द्वारा विद्यालय का निर्माण को अधूरा छोड़ दिया।

**मंगरा व शनिचर सुरीन के मारे जाने के बाद संगठन चला रहा था :** पुलिस मुठभेड़ में पीएलएफआई के कमांडर मंगरा लुगुन व शनिचर सुरीन के मारे जाने के बाद वह खुद ही इस इलाके में अपने वर्चस्व बढ़ाने को लेकर कमान अपने हाथों में ले लिया था। जानकारी के अनुसार वह लेवी भी खुद अपने गुर्गों से वसूली करवाता था। लेकिन लगातार हो रही पुलिस की करवाई से वह पूरी तरह डर चुका था.उसे खुटी, सिमडेगा, सोनुआ, गोईलकेरा, गुदड़ी, आनंदपुर, मनोहरपुर, बंदगांव, चक्रधरपुर आदि से बड़े आसानी से लेवी की रकम मिल जाती थी।

### 3 लाख की मोटरसाइकिल में घूमता था दिनेश गोप, गुदड़ी थाना में जब्त है बाइक

**पीएलएफआइ** सुप्रीमो दिनेश गोप के महंगी से महंगी बाईक का शौकीन था। उसका जब क्षेत्र में आतंक था तब वह हिमालयन व रॉयल एनफील्ड जैसी बाईक पर सफर करता था। इस बात का गवाह आज भी गुदड़ी थाना में है। जहां पुलिस ने उसके कई मोटरसाइकिल को जब्त कर रखा है। वह हमेशा बुलेट में ही क्षेत्र में घूमना पसंद करता था।

# गर्मी छुट्टी की कटौती पर विवि के शिक्षकों ने किया प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों के शिक्षक गर्मी छुट्टी में 50 प्रतिशत कटौती का विरोध जारी है। सोमवार को सभी कॉलेजों के शिक्षकों ने रांची के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के मेन गेट पर प्रदर्शन किया। इसमें काफी संख्या में छात्र भी उनके साथ थे। प्रदर्शन के बाद सभी मल्टीपर्पस परीक्षा हॉल पहुंचकर नारेबाजी की और छुप्ती में कटौती का विरोध किया। फिर सभी रांची विवि पहुंच कर कुलपति को ज्ञापन सौंपा।

**छुट्टियों में कटौती करना गलत :** शिक्षकों ने कहा कि हम इन छुप्तियों में अपना शोध कार्य, किताब लिखना और अन्य प्रकार के शैक्षणिक शोध कार्य करते हैं। छुप्तियों में कटौती करना गलत है। यह यूजीसी के मानकों में भी नहीं है। पहले विश्वविद्यालय अपने स्तर से छुट्टियां तय करते थे। लेकिन इस बार राजभवन ने छुप्तियों के कैलेंडर में बदलाव किया है। आदेश के अनुसार फिलहाल सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में 1 जून से 20 जून तक ही गर्मी छुट्टी होगी।

# खरीफ अनुसंधान परिषद की दो दिवसीय बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह की अध्यक्षता में 43 वीं खरीफ अनुसंधान परिषद् की दो दिवसीय बैठक संपन्न हुआ। समापन के अवसर पर कुलपति ने प्रदेश में कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार को बढ़ावा देने में राज्य सरकार से सकारात्मक सहयोग मिलने पर चर्चा की। सरकार के समुचित सहयोग से विवि की समस्यायों का त्वरित समाधान संभव होने की बात कही। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों का दायित्व है कि राज्य एवं किसानों के हित में अनुसंधान कार्यक्रमों में नवीनता लायें और प्रदेश के कृषि पारिस्थितिकी के अनुरूप एवं उपयुक्त अनुसंधान कार्यक्रमों को प्राथमिकता दें।

परिषद की बैठक में बिहार पशुपालन विज्ञान विश्वविद्यालय के निदेशक अनुसंधान डॉ वीके सक्सेना के द्वारा पशुचिकित्सा संकाय के अनुसंधान कार्यक्रमों की गहन विवेचना एवं विश्लेषण किया गया। समीक्षा के उपरांत परिषद ने देश में संचालित मवेशी और भैंस नेटवर्क परियोजनाओं से विवि को बेहतर सहयोग स्थापित करने और डेटा संग्रह, राज्य में मवेशी और भैंस पालन के लिए बायोमेट्रिक जर्मप्लाज्म परियोजना की शुरूआत, राज्य हित में दुग्ध विकास कार्यक्रम को अपनाने, बकरी पालन प्रजनन प्रणाली बढ़ावा और पशु पोषण विभाग में फीड एंड एनर्जी लैब को स्थापित पर जोर दिया गया। परिषद् ने पशु वैज्ञानिकों की भर्ती, पशुओं के प्रजनन को प्रोत्साहित करने और सिंगल एनिमल हेल्थ प्लेटफॉर्म को लोकप्रिय बनाने का परामर्श दिया।

# पारस अस्पताल ने आइवीएल तकनीक के प्रयोग से किया कीर्तिमान स्थापित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पारस अस्पताल, रांची के कार्डियोलॉजी विभाग में एक और कीर्तिमान स्थापित हुआ। विभाग में मोस्ट एडवांस्ड एंड लेटेस्ट तकनीक कोरोनरी आइवीएल (इंट्रावैस्कुलर लिथोट्रिप्सी) आधारित एंजियोप्लास्टी सर्जरी की गयी। आइवीएल तकनीक द्वारा एंजियोप्लास्टी 82 वर्षीय पुरुष रोगी में की गयी और इसका परिणाम उत्कृष्ट रहा।

82 साल के पुरुष की 10 साल पहले एंजियोप्लास्टी हुई थी, लेकिन उन्हें सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। एंजियोग्राफी के अनुसार, उनकी कोरोनरी धमनी में गंभीर रुकावट थी, जो गंभीर रूप से कैल्सीफाई थी। डॉ महेश कुशवाहा ने पाया कि मरीज की धमनी में गंभीर रूप से हानिकारक अवरोध का कैल्सीफिकेशन (कैल्शियम जमाव) है, जो सर्जरी को गंभीर रूप से जटिल बना सकता है और स्टेंट को डालने में परेशानी कर सकता है। रोगी की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची शहर में पहली बार पारस अस्पताल में इंट्रावैस्कुलर लिथोट्रिप्सी (आइवीएल) तकनीक का उपयोग करके एंजियोप्लास्टी की गयी। इंट्रावैस्कुलर लिथोट्रिप्सी (आइवीएल) तकनीक में ब्लॉकेज के कैल्सीफिकेशन को भंग करने और सफल स्टेंट प्लेसमेंट और ब्लॉकेज ओपनिंग को सक्षम करने के लिए शॉक वेव्स का इस्तेमाल किया जाता है। पारस अस्पताल के डॉ महेश कुशवाहा (एमडी, डीएम कार्डियोलॉजी) ने इस नयी प्रक्रिया की शुरुआत की, जो पूरी तरह सफल रही। इंट्रावैस्कुलर लिथोट्रिप्सी (आइवीएल) तकनीक अभी केवल बड़े शहरों के अस्पतालों में ही उपलब्ध है। वृद्धावस्था की उम्र में हृदय कि धमनियों में कैल्शियम का अधिक जमाव होता है। पूरी प्रक्रिया के दौरान जटिलताओं को रोकने के लिए इस कैल्सीफिक धमनी को नाजुक ढंग से संभाला जाना चाहिए। यह उन उपचारों में से एक है, जो कैल्सीफाइड धमनी में अच्छे परिणाम प्राप्त करने में मदद करते हैं। पारस अस्पताल, रांची के मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय कुमार ने बताया की पारस अस्पताल हमेशा से किफायती दर पर आधुनिक सर्वोत्तम कार्डियक उपचार उपलब्ध कराने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करता है। अब उन्नत कार्डियक उपचार के लिए हमेशा वेल्लोर, बेंगलुरु, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई जाने की आवश्यकता नहीं है। पारस अस्पताल, रांची के लिए आइवीएल आधारित एंजियोप्लास्टी करने वाला अस्पताल बनने की उपलब्धि हासिल करना बहुत गर्व की बात है। झारखंड राज्य का पारस अस्पताल चिकित्सा के क्षेत्र में अधिक व्यापक और उन्नत नवीनतम कार्डियक उपचार सुविधाओं की उपलब्धता में इजाफा करेगा। इंट्रावैस्कुलर लिथोट्रिप्सी जैसी प्रक्रियाएं जीवन रक्षक हो सकती हैं और रोगी को ओपन हार्ट सर्जरी से बचा सकती हैं। इंट्रावैस्कुलर लिथोट्रिप्सी एक नयी तकनीक है, जो अल्ट्रासोनिक तरंगों के निर्माण के माध्यम से काम करती है और कोरोनरी धमनियों की दीवारों में सख्त कैल्शियम को तोड़ती है तथा स्टेंट के विस्तार के लिए पर्याप्त जगह प्रदान करती है।



# जीडी गोयनका स्कूल में पेटिंग प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जैव विविधता दिवस के मौके पर परिवर्तन संस्था द्वारा पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन जीडी गोयनका स्कूल में किया गया। इस स्कूल में चल रहे समर कैंप के अंतिम दिन परिवर्तन संस्था द्वारा इस दिवस को लेकर पेंटिंग कम सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इसमें कूल 96 बच्चों ने भाग लिया जिनमें 70 बच्चे जीडी गोयनका के एवं 26 बच्चे अन्य स्कूलों के थे। बच्चों ने पर्यावरण से जुड़े विषयों पर चित्रकला और दूसरी एक्टिविटी के जरिये अपना हुनर दिखाया। सभी प्रतिभागियों को संस्था द्वारा सर्टिफिकेट एवं पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आनेवाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया।

प्रतियोगिता में जीडी गोयनका स्कूल के वाइस चेयरमैन अमन सिंह, प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार, परिवर्तन संस्था की सचिव श्रेया तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ पूजा सिन्हा, अमित कुमार,अनुराग एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। मौके पर श्रेया तिवारी ने कहा कि आज की पीढ़ी पर्यावरण को किस नजर से देख रही है, इन मुद्दों पर विचार करना अति आवश्यक है। बच्चों के मन में पर्यावरण से जुड़ी भावनाओं एवं विचारों को दशार्ने का सरल तरीका चित्रकला है।

### पीइएफआइ निदेशक ने खेलगांव परिसर का लिया जायजा

**रांची।** फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीईएफआई) के राष्ट्रीय निदेशक मनोज कुमार मिश्रा ने सोमवार को रांची आगमन के साथ झारखंड में होने वाले खेल महोत्सव का स्वरूप तय कर दिया। राज्य की टीम अपने कोर सदस्य के साथ कार्यक्रम स्थल खेलगांव में उपस्थित रहे और हर एक कार्य का जायजा लिया। पीईएफआई झारखंड राज्य के निदेशक राजा इश्तियाक , अध्यक्ष रेणु साहनी, कार्यक्रम के सचिव शशिकांत पांडे और सचिव आलोक चौधरी उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय बाईबल पाठशाला का आयोजन बिशप्स स्कूल में 29 मई से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएनआई रांची पेरिश संडे स्कूल समिति के तत्वाधान में अवकाशकालीन बाईबल पाठशाला का आयोजन 29 मई से 04 जून तक विशप्स स्कूल बहु बजार में किया गया है। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह साढ़े छह बजे से 11 बजे तक होगा। कार्यक्रम में केजी क्लास से इंटर क्लास के बच्चों को बाईबल से संबंधित शिक्षा दी जाएगी। इस संबंध में समिति के सचिव प्रिया नगडुवार ने कहा है कि पाठशाला में शामिल होनेवाले बच्चों को आने-जाने के लिए दो बसों की व्यवस्था की गयी है। एक बस नामकोम से सुबह 05:45 बजे चलेगी और लोवाडीह चौक से होते हुए बेल बगान, ढ़ुमसा टोली से होते हुए 06:25 में विशप्स स्कूल बहु बजार पहुंचेगी। वहीं दूसरी बस कोकर चड्डा पेट्रोल पंप से सुबह 05:45 बजे चलेगी और गड़हाटोली होते हुए सेमेट्री, नया टोली पेट्रोल पंप से होते हुए 06:25 बजे विशप्स स्कूल बहु बजार पहुंचेगी। प्रिया नगडुवार ने कहा है कि कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### नयी तकनीक से लैस हुए मलखंब खिलाड़ी

**रांची।** बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय धुर्वा में चल रहे दस दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन मलखंब प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन खिलाड़ियों को नई तकनीक की जानकारी दी गयी। झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के मुख्य प्रशिक्षक सह राष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी अजय झा ने सभी नये प्रशिक्षणार्थियों को बारीकियों से एक एक कर पोल मलखंब, रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब एवं पिरामिड के कौशल सिखाया। इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग सत्तर खिलाड़िओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# बदहाल है झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था

## एक तिहाई प्राथमिक स्कूल एक शिक्षक के भरोसे, विद्यालयों में नहीं है शौचालय व बिजली-पानी की सुविधा

**संजीव मिश्रा**



**रांची।** शिक्षा, समाज को बेहतर बनाती है वो आने वाले भविष्य को तैयार करती है। लेकिन, क्या हो यदि खुद शिक्षा व्यवस्था ही बदहाल हो। ऐसा ही कुछ झारखंड में भी सामने आया है। आप यकीन नहीं करेंगे कि झारखंड के एक तिहाई प्राथमिक स्कूल केवल एक ही टीचर के भरोसे चल रहे है।

शिक्षा विभाग की बदहाली इन दिनों साफतौर पर झलक रही है। ज्ञान विज्ञान समिति (जीवीएसजे) संस्थान के द्वारा जारी रिर्पोट में यह जानकारी सामने आई है। सर्वेक्षण से पता चला है कि सर्वे में शामिल किसी भी स्कूल में शौचालय और बिजली, पानी की सुविधा नहीं थी। यदि कहीं शौचालय है भी, तो वो जर्जर अवस्था में हैं। जिनका होना न होना बराबर है। यह हैरान कर देने वाली जानकारी गैर-सरकारी संगठन ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड द्वारा प्रकाशित नई रिपोर्ट 'स्कूल की भूल' में सामने आई है। यह रिपोर्ट ज्ञान विज्ञान समिति (जीवीएसजे) झारखंड के 138 प्राइमरी और अपर-प्राइमरी स्कूलों पर किए सर्वेक्षण पर आधारित है। यह सर्वे राज्य के 16 जिलों में फैले 26 ब्लॉकों में किया गया था।

सर्वे से पता चला है कि झारखंड के एक-तिहाई से भी ज्यादा प्राथमिक स्कूलों और बीस फीसदी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सिर्फ एक ही शिक्षक है, जबकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के मुताबिक, सभी स्कूलों में कम से कम दो शिक्षक होने चाहिए। इसी से इन स्कूलों के प्रति सरकारी उदासीनता का अंदाजा लगाया जा सकता है। शिक्षकों की इस कमी का सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक आदिवासी बहुल इलाकों में स्थिति और भी ज्यादा खराब है।

इतना ही नहीं, रिपोर्ट से पता चला है कि झारखंड के प्राइमरी स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति केवल 68 फीसद दर्ज की गई है। वहीं, अपर-प्राइमरी स्कूलों में स्थिति कहीं ज्यादा खराब है, जहां यह आंकड़ा 58 फीसद दर्ज किया गया है। स्पष्ट है कि शिक्षकों की कमी और बुनियादी सुविधाओं का अभाव विद्यार्थियों को स्कूलों से दूर कर रहा है। इतना ही नहीं, सर्वे में सामने आया है कि वहां केवल 19 फीसदी उच्च-प्राथमिक विद्यालय ऐसे है जहां 30 छात्रों पर एक शिक्षक है। प्राथमिक स्तर पर ज्यादातर शिक्षक (55 फीसदी) पारा शिक्षक हैं, जबकि और उच्च प्राथमिक स्तर पर यह आंकड़ा 37 फीसदी है। सर्वे में शामिल करीब 40 फीसदी प्राइमरी स्कूल पूरी तरह से पारा शिक्षक ही चला रहे हैं। ज्यादातर शिक्षकों का मानना है कि महामारी के बाद फरवरी 2022 में स्कूलों के फिर से खुलने तक ज्यादातर छा त्र पढ़ना-लिखना भूल गए थे। वहीं, यदि सुविधाओं की बात करें, तो सर्वे में शामिल एक भी स्कूल में शौचालय चालू हालत में नहीं था। न ही इन स्कूलों में बिजली, पानी की कोई व्यवस्था थी।

इसी तरह दो- तिहाई प्राथमिक स्कूलों में चारदीवारी तक नहीं थी। 64 फीसद स्कूलों में खेल का मैदान नहीं था और 37 फीसदी स्कूलों की लाइब्रेरी में किताबें तक नहीं थी। दो-तिहाई शिक्षकों ने माना कि सर्वेक्षण के समय स्कूल के पास मिड डे मील के लिए पर्याप्त पैसा नहीं था। ऐसे में झारखंड में बच्चों के कल्याण और अधिकारों की रक्षा के लिए स्कूली शिक्षा प्रणाली को दुरुस्त किए जाने की जरूरत है। साथ ही, इसके लिए शिक्षा व्यवस्था पर बड़े पैमाने पर निवेश करने की भी जरूरत है।

# नये तकनीकों की जानकारी कंप्यूटर के विद्यार्थियों के लिए जरूरी : डॉ शांडिल्य



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कुलपति सभागार में कंप्यूटर की पुस्तक फ्यूचरिस्टिक ट्रेंड्स इन कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी एंड डेटा साइंसेस पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक के विभिन्न अध्यायों के लेखन में डीएसपीएमयू रांची के सीए एंड आईटी विभाग के डॉ राहुल देव साह, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष गुप्ता, डॉ आई एन साहू, डॉ राजेंद्र कुमार महतो, डॉ सैयद जाफर अब्बास, डॉ अमित आलोक हेरेंज और अंचल कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आईआईपी प्रोसीडिंग्स के तहत प्रकाशित इस पुस्तक में कंप्यूटर की नई तकनीकों और उससे संबंधित तथ्यों की विस्तारपूर्वक चर्चा की गई है।

पुस्तक का विमोचन करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के कंप्यूटर, परीक्षा और आईटी विभाग के शिक्षकों का इस उच्च स्तरीय तकनीकी पुस्तक के प्रकाशन में अपने लेखों के माध्यम से योगदान देना न सिर्फ प्रशंसनीय है, अपितु विद्यार्थियों के हित में है। आज तकनीक के इस बदलते युग में आवश्यकता इस बात की है कि विद्यार्थियों को इस नए बदलते प्रारूप से अवगत कराया जाए। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुस्तक उन सभी समस्याओं का निराकरण करेंगी। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने इस अवसर पर इन सभी शिक्षकों को बधाई दी और इस कार्य को आगे बढ़ाते हुए जारी रखने को कहा।

इस अवसर पर वित्त पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार मिश्रा सहित इस पुस्तक में योगदान देने वाले सभी शिक्षक मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# भाजपा सांसद राकेश सिन्हा ने दिया विवादित बयान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेगूसराय।** राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। नए संसद भवन का पीएम नरेंद्र मोदी के उद्घाटन पर राहुल गांधी के सवाल उठाए जाने पर विवादित बयान दे दिया। राकेश सिन्हा ने राहुल गांधी को बाल बुद्धि वाला व्यक्ति बताया है। वहीं नीतीश कुमार के विपक्षी एकता पर भी निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश कुमार फॉल्स टूरिज्म कर रहे हैं। सबों से हाथ मिला रहे हैं, लेकिन हाथ में कुछ नहीं आ रहा है। वहीं 2000 के नोटबंदी पर कहा कि जिनका नोट काला धन के रूप में जमा है, वही परेशान हैं। राकेश सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी बाल बुद्धि के व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि बाल बुद्धि का जो व्यक्ति होता है, कब चाकू अपने ऊपर चला लेगा या फिर किसी पर चला देगा, पता नहीं होता है। राहुल गांधी से प्रार्थना है कि देश को गैरजरूरी विवादों में ना ढकेलें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शख्सियत उन्हें नापसंद है तो उसकी वजह से संवैधानिक संस्थाओं को विवाद में नहीं घसीटें। वहीं, सीएम नीतीश कुमार की विपक्षी एकता की मुहिम पर भी राकेश सिन्हा ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार फॉल्स टूरिज्म कर रहे हैं। सबों से हाथ मिला रहे हैं, लेकिन उनके हाथ में कुछ नहीं आ रहा है। बीजेपी सांसद ने कहा कि नीतीश कुमार घूमें, पर्यटन करें, लोकतंत्र में सबको घूमने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि 2024 के लिए लोगों ने नरेंद्र मोदी को चुन लिया है।

## ठेका प्रथा समाप्त कर रिक्तपदों पर स्थाई नियुक्ति करें सरकार : रमेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्रीय (सीटू) झारखण्ड राज्य, कोडरमा कमिटी ने 6 जून 2023 को झारखण्ड के राजधानी रांची में राज्य स्तरीय विशाल प्रदर्शन का निर्णय लिया है, सोमवार को भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्रीय (सीआईटीयू) कोडरमा के जिला संयोजक रमेश प्रजापति कहा की स्थाई नियुक्तियों के जगह ठेका पर मजदूरों को काम करवाना केंद्र सरकार की गलत नीति है, इसका हम अंतिम छन्न तक विरोध करते रहेंगे।

उन्होंने कहा की आज जनता के साथ-साथ हमारे देश की स्थिति भी चिंताजनक एवं गंभीर है और इसके लिए केंद्र सरकार की मौजूदा नीतियां ही जिम्मेदार है जो न केवल मजदूर विरोधी किसान विरोधी और जन विरोधी है, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी है। यह नीतियां ना केवल हमारी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था बल्कि हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए भी विनाशकारी साबित हुई है।

## विधायक से मार्केट कॉम्प्लेक्स की बंदोवस्ती की मांग युवा संघ ने किया

**शिकारीपाड़ा।** युवा संघ, शिकारीपाड़ा के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को विधायक नलीन सोरेन एवं जिप अध्यक्ष जोयेस बेसरा से मार्केट कॉम्पलेंक्स की बंदोवस्ती की मांगो युवा संघ ने किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अध्यक्ष दुलाल बेसरा ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने शिकारीपाड़ा मार्केट कांप्लेक्स से जुड़े 6 बिंदुओं का मांग पत्र विधायक नलिन सोरेन व जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा को सौंपा गया। मांग पत्र में नव निर्मित मार्केट कांप्लेक्स का नये सिरे से बंदोबस्ती करने, बंदोबस्ती में स्थानीय लोगो को प्राथमिकता देने, कांप्लेक्स का आवंटन अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा व अन्य वर्गों में आरक्षित के आधार पर करने, 18 हजार रुपए से अधिक की सरकारी नौकरी करने वाले परिवार के सदस्यों को कमरा आवंटित नहीं करने, एक परिवार को एक से अधिक कमरा आवंटित नहीं करने, शटर या गेट एनएस 114 की ओर नहीं रखने का मांग किया।

## बाराती गाड़ी पलटने से एक की मौत, आठ घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपचो में सोमवार की अहले सुबह शादी समारोह से लौट रहे एक बाराती गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटने से 14 वर्षीय अनीष कुमार पिता कैलाश यादव की मौत हो गयी, जबकि 8 लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहीं चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सागर यादव व वीरेंद्र यादव की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बुचई से नंदेडीह बारात गयी थी। शादी से लौटने के दौरान सोमवार की सुबह करीब 5 बजे यह घटना घटी। दुर्घटना में घायल हुए लोगों में बुचई निवासी सुरेश यादव पिता मुंशी यादव, सुरेंद्र यादव पिता वासुदेव यादव, धीरज कुमार पिता मनोज यादव, सवारी वाहन चालक लक्ष्मण यादव पिता नरपत यादव, सागर यादव पिता राजू यादव, वहीं गिरिडीह के सरिया निवासी वीरेंद्र यादव पिता सुखदेव यादव, संतोष शर्मा पिता खूबलाल शर्मा एवं अमित यादव पिता दशरथ यादव शामिल हैं।

## बार-बार नोटबंदी से देश की अर्थव्यवस्था होगी बर्बाद : संजय

**कोडरमा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने दो हजार रूपये के नोट को बैंकों में जमा करने की तुगलकी फरमान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार नोटबंदी से देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दो हजार रुपये के नोटों को प्रचलन से वापस लेने की कार्रवाई वास्तव में 2016 के उस विमुद्रीकरण की प्रक्रिया को पलटे जाने का कोशिश है, जिसे हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की प्रमुख समस्याओं जिसमें काला धन, भ्रष्टाचार एवं आतंकवाद को समाप्त करने का ढिंढोरा पीटा था। हालाकि केंद्र सरकार इन सभी मामलों में बुरी तरह विफल रही। मोदी जी द्वारा काला धन को समाप्त करने की बहु प्रचारित नोटबंदी आपदा ने करोड़ों लोगों की आजीविका को आपराधिक रूप से अपंग कर दिया और सैकड़ों लोगों को मौत का शिकार बनाया। छोटे छोटे उद्योगों और व्यापारियों का कमरतोड़ दिया जो रोजगार सृजन और जीडीपी की वृद्धि में सबसे अधिक योगदान देता है।

## ताड़ के पेड़ से गिरकर एक युवक की मौत

**जामा।** ताड़ के पेड़ से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। घटना जिले के जामा थाना क्षेत्र के बिचकोड़ा गांव में घटी। मृतक युवक 25 वर्षीय श्रीजल सोरेन है। जानकारी के अनुसार श्रीजल ताड़ का फल काटने पेड़ पर चढ़ा था। नशे की हालत में होने के कारण वह पेड़ पर संतुलन नहीं बना सका और पेड़ से गिर गया। जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसआई रविशंकर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर सोमवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# कर्नाटक में भाजपा की हार से बिहार जदयू टेंशन में

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद उसके हौसले बुलंद हैं। उधर क्षेत्रीय पार्टियां 2024 में बीजेपी को केंद्र की सत्ता से बेदखल करने के लिए एकजुट होने का प्रयास कर रही हैं। लेकिन अंदरखाने की खबर यह है कि कर्नाटक में कांग्रेस की प्रचंड जीत के बाद बीजेपी से ज्यादा खतरा क्षेत्रीय पार्टियों पर ही मंडरा रहा है। यही वजह है कि ममता बनर्जी, अखिलेश यादव जैसे नेता अब यह कह रहे हैं कि 2024 में जहां कांग्रेस मजबूत है वह वहां चुनाव लड़े। ठीक इसी तरह जिन राज्य में क्षेत्रीय पार्टियां मजबूत है, वहां कांग्रेस उन क्षेत्रीय पार्टियों की मदद करें। माना जा रहा है कि यह पार्टियां अपने राज्य में कांग्रेस को फिर से जिंदा नहीं होने देना चाहती। बिहार में भी जनता दल यूनाइटेड को यही डर सता रहा है लेकिन वह हमला बीजेपी पर कर रही है। जनता दल यूनाइटेड के प्रवक्ता और पूर्व विधान पार्षद डॉ रणबीर नंदन ने बीजेपी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा की बीजेपी की राजनीतिक पोल अब देश की जनता के सामने खुल चुकी है। रणवीर नंदन ने कहा कि बीजेपी कभी भी अपने दम पर कुछ नहीं कर सकी है।

बिहार में तो भाजपा का वजूद भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जदयू की मेहरबानी से है। बिहार की जनता ने भाजपा को कभी तवज्जो नहीं दी है। रणवीर नंदन ने यह भी कहा कि बीजेपी के साथ जितनी पार्टियां जुड़ी हुई थीं, धीरे-धीरे करके सभी ने उनका साथ छोड़ दिया। क्योंकि बीजेपी की नीति समाज को बांटने और एक दूसरे को लड़ाने की रही है। सांप्रदायिक माहौल खराब कर बीजेपी सत्ता हासिल करना चाहती है। लेकिन नीतीश कुमार सबको साथ लेकर चल रहे हैं और बीजेपी की नीति की वजह से ही उनसे अलग होने का फैसला लिया गया। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता डॉ रणवीर नंदन ने कहा कि बीजेपी के नेता क्या इस बात से इनकार कर सकते हैं कि बिहार में सड़कों का जाल नीतीश सरकार के कार्यकाल में नहीं बिछा है? पीने के पानी को नल के जरिए नीतीश कुमार की योजनाओं ने ही घर घर तक पहुंचाया है ? इतना ही नहीं बिहार का हर गांव नीतीश सरकार की योजना के कारण बिजली से रोशन है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बिहार की बेहतरी के लिए कभी कोई प्रयास नहीं किया। बिहार का गया जिला जहां पूरे विश्व से लोग आते हैं। लेकिन गया के विकास में कभी आगे बढ़कर केंद्र सरकार ने मदद नहीं की। माता सीता के जन्मस्थान के विकास पर कभी कोई ध्यान नहीं दिया। जदयू प्रवक्ता रणबीर नंदन ने कहा कि भाजपा के नेता आज नीतीश कुमार को कोसते हैं। उन पर अनर्गल आरोप मढ़ते हैं। जबकि हकीकत यह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की वजह से बिहार में बीजेपी को सत्ता में आने का मौका मिला। जेडीयू प्रवक्ता ने कहा कि बीजेपी ने तो बिहार में सत्ता में आने की कोशिश 1990 से ही शुरू की थी, लेकिन सफल नहीं हो सके। 1995, 2000 में भी बीजेपी का यही हाल रहा। बिहार में सत्ता तब बदली जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने भरोसे का हाथ भाजपा को दिया।

## कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा की ओर से दी गई जानकारी

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत बारिसाखी के विद्यालय परिसर में सोमवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा चतरा के द्वारा एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीटीएम दीनदयाल प्रसाद ने किया। बीटीएम ने बताया कि सरकार द्वारा चलाए गए केसीसी ऋण माफी योजना का जिन किसान भाइयों को नहीं मिला है अति शीघ्र ईकेवाईसी कराने का कृपया की जाए , तभी ऋण माफी योजना का लाभ मिलागा। तथा गोवर्धन योजना के लाभ भी बताएं। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजना गांव में मवेशियों के गोवर और अन्य जैविक कचरे का प्रबंधन करने में स्थानीय लोग की सहायता की जाएगी। जिससे लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे और आय का अतिरिक्त स्रोत भी प्राप्त होगा।

## प्राण प्रतिष्ठा सह कलश यात्रा में शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष बिरजू



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** प्रखंड के कोनी गांव स्थित देवी मण्डप प्राण प्रतिष्ठा सह चण्डी यज्ञ महायज्ञ की शुरूआत सोमवार को भव्य कलशयात्रा के साथ हुई। कलशयात्रा में विशेष रूप से जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, उपप्रमुख संजय गुप्ता, कोनी पंचायत मुखिया रंजय भारती, मलकपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार रजक, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री टुन्नी सिंह, ओमप्रकाश सिंह, भरत साव, मनोज साव, मौजूद थे। इस दौरान मंदिर निर्माण समिति की ओर से अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने अपने हाथों से कलश देकर कलशयात्रा का शुभारंभ किया।

## यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में आती है सुख, शांति और समृद्धिः जीतन राम



**चतरा।** जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड के नावाडीह में महायज्ञ की शुरूआत सोमवार को भव्य कलशयात्रा के साथ हुई। कलश शोभा यात्रा में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं व कन्याओं ने भाग लिया। वही कलशयात्रा में विशेष रूप से भाजपा नेता जीतन राम शामिल हुए। महायज्ञ को लेकर सरैया समेत आसपास के क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। जीतन राम ने कहा कि यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि आती है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य भगत जी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार दांगी, मुकेश कुमार कुशवाहा, मणि भूषण मिश्रा, रामचंद्र दांगी, उदय कुमार, नरेश, राजेश, मलेश्वर कुशवाहा, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अज्ञात नकाबपोश चार अपराधियों ने युवक का काटा जीभ

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के कसारी जंगल में चार नकाबपोश अपराधियों ने एक युवक का जीभ काट दिया है। जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक अरविन्द कुमार उर्फ सांभा थाना क्षेत्र के सबानो पंचायत के रानीपोखर टोला का रहने वाला है। जिसे लेकर घायल युवक के परिजनों ने सिमरिया थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। परिजनों ने कहा कि शनिवार के दिन किसी व्यक्ति के द्वारा कॉल करके मेरे बेटे को जंगल में बुलाया गया था। जहां नकाबपोश अपराधियों के द्वारा बेहोश कर दी गई और मेरे बेटे का जीभ काट दिया गया। शाम में काफी खोजबीन के बाद बेटा घर आया तब देखा कि इसका जीभ कटा हुआ है और कुछ बोल नहीं पा रहा है। जिसे लेकर हम सभी भयभीत हो गए हैं।

## जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का चयन ट्रायल 24 को



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का चयन ट्रायल 24 को गढ़वा स्थित रामासाहु स्टेडियम में किया जाएगा। ट्रायल प्रातः छह बजे से प्रारंभ होगा। इस प्रतियोगिता के आधार पर गढ़वा जिला की टीम राज्य प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रामगढ़ के रजरप्पा में आगामी 27 से 28 मई तक होना प्रस्तावित है। जानकारी देते हुए गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव आलोक मिश्रा ने बताया कि यह प्रतियोगिता अंडर 14 और अंडर 17 वर्ष बालक, बालिका दो आयु वर्गो में आयोजित की जाएगी। सभी प्रतिभागियो को जन्म प्रमाण पत्र जिसमे जन्म तिथि अंकित हो तथा आधार कार्ड प्रतियोगिता स्थल पर लाना अनिवार्य है। अंडर 14 बालक, बालिका का इवेंट्स में 60 मीटर स्टैंडिंग बोर्ड जंप, शॉट पुट, 60 मीटर स्टैंडिंग बोर्ड जंप, हाई जंप, 60 मीटर स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, 600 मीटर किड्स जैवलिन, अंडर 16 बालक, बालिका 80 मीटर, 600 मीटर, 1600 मीटर, हाई जंप, लांग जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो का आयोजन किया जाएगा।

### कचरा निस्तारण प्लांट लगाने को लेकर एसडीओ ने की बैठक, नहीं बनी सहमति

## कचरा निस्तारण प्लांट लगाने को लेकर ग्रामीणों का विरोध जारी

क्ट्रऋ20230522-हअ0105

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड के भरनिया पंचायत के भरनिया गांव में नगर परिषद की ओर से प्रस्तावित कचरा निस्तारण प्लांट को लेकर चक्रधरपुर के अंचल कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रुप से पोड़ाहाट अनुमंडल पदाधिकारी रीना हांसदा, अंचलाधिकारी बाल किशोर महतो, जन रक्षा संघर्ष समिति के भरनिया गांव के अध्यक्ष सह मुंडा गोरे लाल गागराई, मुखिया सरिता गागराई के अलावे भरनिया गांव के ग्रामीण मौजूद थे। बैठक के दौरान एसडीओ द्वारा कचरा निस्तारण प्लांट लगने से होने वाले फायदों के बारे में बताये जाने के बावजूद ग्रामीण सहमत नहीं हुए। एसडीओ रीना हांसदा ने कहा कि



राज्य के दूसरे जिला में जहां भी कचरा निस्तारण प्लांट लगाया गया है, वहां ग्रामीणों को विजिट कराया जाएगा, ताकि ग्रामीण कचरा निस्तारण प्लांट को देखकर उसके बारे में समझ सकें। मौके पर गांव के मुंडा गोरे लाल गागराई ने कहा कि गांव में असंवैधानिक तरीके से किसी भी हाल में कार्य नहीं करने दिया जाएगा। कचरा प्लांट लगाने को लेकर ग्रामसभा होगी, अगर ग्रामसभा में पारित होगा तभी कचरा प्लांट लग सकेगा अन्यथा नहीं। ग्रामीणों ने कचरा प्लांट लगाने को लेकर कहा कि शहर में जमीन होने के बावजूद शहर का कचरा गांव में डंप करने की योजना गलत है। नगर परिषद् से पंचायती राज व्यवस्था अलग होती है। नगर को गांव से न जोड़ा जाएं। इस मौके पर जन रक्षा संघर्ष समिति के केन्द्रीय संयोजक पंडित कुमार महतो ने कहा कि गांव में कचरा निस्तारण प्लांट लगने से क्षेत्र का पर्यावरण दूषित होगा, जबकि गांव का पर्यावरण स्वच्छ रहता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों का निर्णय है कि गांव में कचरा प्लांट न लगाया जाएं। इधर इस संबंध में एसडीओ रीना हांसदा ने कहा कि कचरा निस्तारण प्लांट को लेकर ग्रामीणों की बैठक बुलायी गई थी, लेकिन इस पर कोई सहमति नहीं बन पायी है। बैठकें लगातार जारी है और इस पर चर्चा की जा रही है। उन्होंने बताया कि गांव के ग्रामीणों को एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा, ताकि ग्रामीण कचरा निस्तारण प्लांट के बारे में बेहतर तरीके से जान सकें। इस मौके पर जन रक्षा संघर्ष समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार तांती,लीला राम तांती, प्रखंड बीस सूत्री सदस्य विजय सिंह सामड, समाजसेवी गंगाराम गागराई, हरिश गोप के अलावे महिला-पुरूष ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

### शिक्षक संघ काला बिल्ला लगा विरोध प्रदर्शन करेगी 22 मई से

**दुमका।** ग्रीष्मावकाश व पूजा छुट्टी में कटौती के विरोध में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय शिक्षक संघ स्कमुटा चरणबद्ध आंदोलन करेगी। इस बावत विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेज इकाई ने बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनायी। सोमवार को साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज के शिक्षक संघ ने बैठक की। छुट्टी में कटौति के विरोध में शिक्षक संघ काला बिल्ला लगा विरोध प्रदर्शन करेगी। संघ काला बिल्ला लगा 22 से 28 मई तक विरोध करेगी। आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए 29 मई को सांकेतिक कलम बंद हड़ताल करेगी। 30 मई को सामूहिक अवकाश शिक्षक संघ करेगी।

### नॉर्वेजियन राजदूत ने दिसोम मांझी थान में विधिवत किया पूजा-अर्चना

**दुमका।** दिसोम मांझी थान के परिसर में जिला प्रशासन के सौजन्य से मुख्य अतिथि नॉर्वेजियन राजदूत एचई मिस्टर हंस जैकोब फ्रेडलेंड का सोमवार को परंपरागत रूप से स्वागत किया गया। इस मौके पर नॉर्वेजियन राजदूत के द्वारा परंपरागत संथाल रिती-रिवाज के अनुसार इष्ट देव मरांग बुरु एवं देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की गई। मौके पर मौजूद जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने भी पूजा अर्चना की। इसके बाद समिति पदाधिकारी एवं धर्म गुरुओं के द्वारा नॉर्वेजियन राजदूत का पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नॉर्वेजियन राजदूत ने अपने संदेश में कहा कि संथाल आदिवासियों की संस्कृति काफी समृद्ध और वैभवशाली हैं। बचपन से ही आदिवासी समाज में जाकर उनकी संस्कृति परंपरागत रहन सहन एवं जीवन शैली को जानने का काफी इच्छा थी।

### पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं बीडीओ ने किया निरीक्षण

**जामा।** जामा प्रखंड अंतर्गत भैरवपुर पंचायत सोमवार को बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने क्षेत्र भ्रमण कर प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ लाभुकों की समस्याओं से रूबरू हुए और उनके समाधन के बारे में आवश्यक सुझाव दिया। बीडीओ ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित मुखिया, पंचायत स्वंयसेवक एवं तकनिकी पदाधिकारियों के साथ उपरोक्त पंचायत के योजना स्थल का निरीक्षण कर लाभुकों से बातचीत कर समस्या का समाधन करते हुए निमार्णाधीन आवास योजना को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। पंचायत सचिव एवं स्वंयसेवक को निर्देश दिया गया है। जो लाभुक राशि उठाकर कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं, उन्हें समझा बुझाकर जल्द आवास पूरा कराने, अन्यथा उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दिया।

### मारपीट व अनुसूचित जाति गाली-गलौज के मामले में पूर्व राजद विधायक हुए बरी

**दुमका।** वर्ष 2016 के विधानसभा उपचुनाव के दौरान मतदान केन्द्र पर मारपीट एवं अनुसूचित जाति गाली-गलौज करने के आरोप में न्यायालय ने राजद के पूर्व विधायक को बरी का आदेश सुनाया। बरी का आदेश डीजे श्री लक्ष्मण प्रसाद के न्यायालय ने सोमवार को सुनाया। मामले में गोड्डा जिला के बसंतराय थाना कांड संख्या 26/2016 के तहत मारपीट एवं अनुसूचित जाति के कार्यकर्त्ता को गाली-गलौज करने का मामला दर्ज हुआ था। मामले में परिवादी पक्ष के द्वारा पूर्व विधायक गोड्डा संजय प्रसाद यादव पर लगाए गए सभी आरोप साबित करने में असफल साबित रहा। न्यायालय ने संजय प्रसाद यादव को उनके विरुद्ध लगाए गए सभी आरोपो से मुक्त करते हुए केस से बरी करने का आदेश सुनाया।

### कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव की न्यायालय में हुई पेशी

**दुमका।** अडाणी पावर प्लांट के विरोध के मामले में दर्ज प्राथमिकी में कांग्रेस के पौड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव की कोर्ट में सोमवार को पेशी हुई। विधायक की पेशी डीजे श्री लक्ष्मण प्रसाद के न्यायालय में हुई। मामला वर्ष 2017 में दर्ज हुई थी। जानकारी के अनुसार अडाणी के लिए हुई पर्यावरणीय जनसुनवाई के दौरान पुलिस पार्टी पर पथराव, जानलेवा हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व आपराधिक षड़यंत्र रचने के मामले में पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव समेत दस लोगों पर कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया गया है। विधायक प्रदीप यादव पर लोगों को उकसाने व अपराधिक षड्यंत्र रचने का आरोप था। कांड के अनुसंधानकर्ता ने न्यायालय में वारंट के लिए अर्जी दी थी। इसके बाद न्यायालय ने वारंट जारी किया है। मामले में विधायक ने हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल किया था। मामले में हाई कोर्ट ने 6 माह के लिए अग्रतर कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया था। जिसमें हाई कोर्ट से दी गई अवधी समाप्त होने पर विधायक ने डीजे श्री, दुमका के न्यायालय में उपस्थिति दर्ज कराया। जहां न्यायालय से हाई कोर्ट जाने की अवधि मांगा। मामले में गोड्डा के मोतिया में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी जयप्रकाश सिंह ने 12 नामजद व 100-150 अज्ञात पर मामला दर्ज कराया था।

### भुरैयतों ने 23 सूत्री मांग को लेकर जीएम के नाम विधायक को किया पत्र प्रेषित

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को मगध संघमित्रा कोल परियोजना क्षेत्र के विस्थापित मासिलौंग गांव के भुरैयतों ने अपनी मांग को लेकर मगध-संघमित्रा के जीएम के नाम सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास को पत्र प्रेषित किया गया। पत्र के अनुसार 23 सूत्री मांग मांगी गई जो इस प्रकार से है, जैसे सीसीएल द्वारा 2003 में अधिग्रहित गैर मजूरवा जमीन का अभी तक बकाया मुवाबजा एवं नौकरी की मांग, सीसीएल द्वारा 2014 में विस्थापित मासिलौंग गांव में स्वास्थ्य केंद्र खोलकर बंद कर दिया जिसे अभिलब चालू करवाने की मांग, इस प्रकार से अन्य मांगे शामिल है। उक्त तमाम मांगो को जायज बताते हुवे श्री दास ने कहा कि सीसीएल द्वारा जब तक अधिग्रहित जीएम लैंड का नौकरी एवं मुवाबजा नही देती है, तब तक उक्त जमीन पर सीसीएल कोई भी काम नही कर सकती है।

### सहायक अध्यापक को दी गई सूरज पाल को भावभीनी विदाई

**रमना।** प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मझिगावां में समारोह आयोजित कर विद्यालय के स्थापना काल से कार्यरत सहायक अध्यापक सूरज पाल को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर वरिष्ट सहायक शिक्षक उमेश प्रसाद कर्ण ने कहा कि शिक्षक सूरज पाल स्थापना काल से ही दिव्यांग होने के बावजूद पूरी जिम्मेदारी के साथ अपना कर्तव्य को निभाने का कार्य किया है, जो काबिले तारीफ है। मुखिया प्रतिनिधि चुनू सिंह ने कहा कि शिक्षक का सेवा कभी समाप्त नहीं होती, बल्कि समाज के प्रति और भी जिम्मेदारियां बढ़ जाती है। सेवानिवृत्त शिक्षक सूरज पाल ने कहा कि विगत 20 वर्षो से स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से छात्र छात्राओं संस्कार युक्त शिक्षा देने का पुरा प्रयास किया है। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक सूरज पाल को विद्यालय परिवार की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

